भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2023

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

बाइपास सड़कों का निर्माण

2023. श्री गजेन्द्र सिंह पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खरगोन संसदीय क्षेत्र के खरगोन और बड़वानी जिलों के कितने शहरों/कस्बों में बाइपास सड़कों का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) क्या सरकार बड़वानी ज़िले के अंजड़ नगर में बाइपास (एनएच-347बी) के निर्माण के लिए कोई सर्वेक्षण कर रही है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) एनएच-347बी बाइपास के निर्माण कार्य के शुरू होने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) खरगोन जिले में, 4 कस्बों/शहरों अर्थात् कासरवाड़, सेलानी, खरगोन और बिस्तन के लिए बाईपास निर्माण के चरण में है और बड़वानी जिले में 4 बाईपास, अर्थात् सेंधवा, खेतिया, पानसेमल और निवाली को मंजूरी दे दी गई है।

(ख) और (ग) यातायात प्रवाह के अनुसार, वाहनों की आवाजाही का एक बड़ा हिस्सा अंतःशहर और मुख्य रूप से अंजड़ शहर खंड के भीतर की प्रकृति का है, इसलिए इस चरण पर अंजड़ नगर के लिए बाईपास की परिकल्पना नहीं की गई है।

*****